नामांक Roll No.

Sl.No. :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 22
No. of Printed Pages – 11

**SS–10–Economics**

Tear Here

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2024
# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2024
## अर्थशास्त्र
## ECONOMICS

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनिट**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

Candidates must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

Write the answer to each question in the given answer-sheet only.

यहाँ से काटिए

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।**

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

6) **प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any kind of error / difference / contradiction in the Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

7) **प्रश्न क्रमांक 16 से 22 में आन्तरिक विकल्प हैं। किसी एक विकल्प को हल कीजिए।**

Question Nos. **16** to **22** have the internal option. Attempt any one option.

## खण्ड – अ
## SECTION - A

**1)** **बहुविकल्पी प्रश्न :** **[15×1=15]**

Multiple choice questions:

i) **'एन इन्क्वायरी इन्टू द नेचर एंड काउज ऑफ द वेल्थ ऑफ नेशंस' पुस्तक के लेखक है –** **[1]**

**अ)** **कीन्स** **ब)** **रिकार्डो**

**स)** **एडम स्मिथ** **द)** **जे.के. मेहता**

The author of the book 'An Enquiry into the Nature and Cause of the Wealth of Nations' is -

A) Keynes B) Ricardo

C) Adam Smith D) J.K. Mehta

ii) **निम्न में से महामंदी का प्रभाव था –** **[1]**

**अ)** **निर्गत में वृद्धि** **ब)** **माँग में कमी**

**स)** **रोजगार में वृद्धि** **द)** **श्रमिकों की भर्ती**

Which of the following was the impact of the great depression?

A) Increase in output B) Decrease in demand

C) Increase in Employment D) Recruitment of workers

iii) **'रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया' की स्थापना कब हुई –** **[1]**

**अ)** 1947 **ब)** 1952

**स)** 1935 **द)** 1969

When was 'Reserve Bank of India' established?

A) 1947 B) 1952

C) 1935 D) 1969

iv) **निम्न में से संकुचित मुद्रा है –** **[1]**

**अ)** $m_1$ **और** $m_2$ **ब)** $m_1$

**स)** $m_2$ **द)** $m_3$ **और** $m_4$

Which of the following is the narrow money?

A) $m_1$ and $m_2$ B) $m_1$

C) $m_2$ D) $m_3$ and $m_4$

v) **सीमांत बचत प्रवृत्ति का सूत्र है –** **[1]**

**अ)** MPS = $\Delta S/\Delta Y$ **ब)** MPS = $\Delta C/\Delta Y$

**स)** MPS = S/Y **द)** MPS = C/Y

The formula for marginal propensity to save is -

A) MPS = $\Delta S/\Delta Y$ B) MPS = $\Delta C/\Delta Y$

C) MPS = S/Y D) MPS = C/Y

vi) कागजी कर का उदाहरण है – [1]

अ) उत्पादन कर ब) सीमा शुल्क

स) सेवा कर द) सम्पत्ति कर

The example of paper tax is -

A) Excise tax B) Customs duties

C) Service tax D) Wealth tax

vii) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश से संबंधित है – [1]

अ) राजस्व प्राप्तियाँ ब) राजस्व व्यय

स) पूँजीगत प्राप्तियाँ द) पूँजीगत व्यय

Related to disinvestment of public sector undertakings is -

A) Revenue Receipts B) Revenue Expenditure

C) Capital Receipts D) Capital Expenditure

viii) स्थिर विनिमय दर प्रणाली में विनिमय दर निर्धारक है – [1]

अ) सरकार ब) बैंक

स) बहुराष्ट्रीय निगम द) धनी व्यक्ति

In fixed exchange rate system the exchange rate determinant is -

A) Government B) Banks

C) Multinational corporations D) Wealthy individuals

ix) व्यष्टि अर्थशास्त्र का सम्बन्ध है – [1]

अ) कुल निर्गत से ब) रोजगार से

स) समग्र कीमत स्तर से द) वस्तुओं की कीमत से

Microeconomics is concerned with -

A) From total output B) From employment

C) From aggregate price level D) From the price of goods

x) यह मुख्य आर्थिक समस्या नहीं है – [1]

अ) क्या उत्पादन करे ब) उत्पादन कैसे करे

स) उत्पादन किसके लिए करे द) निर्धन कैस बने

This is not the main economic problem -

A) What to produce B) How to produce

C) Whom to produce D) How to become poor

xi) विलासिता की वस्तुओं की माँग की लोच होती है – [1]

अ) $e_D = 0$ ब) $e_D = 1$

स) $e_D < 1$ द) $e_D > 1$

The elasticity of demand for luxry goods is -

A) $e_D = 0$ B) $e_D = 1$

C) $e_D < 1$ D) $e_D > 1$

xii) माँग वक्र की दिशा में गति का कारण है – [1]

अ) वस्तु की कीमत ब) अन्य वस्तुओं की कीमतें

स) उपभोक्ता की आय द) उपभोक्ता की रूचि

Movement in the direction of the demand curve is caused by -

A) The price of the good B) The prices of other goods

C) The consumer's Income D) The taste of the consumer

xiii) कौन–सा वक्र समस्तरीय सीधी रेखा है – [1]

अ) कुल लागत वक्र ब) औसत स्थिर लागत वक्र

स) कुल स्थिर लागत वक्र द) कुल परिवर्ती लागत वक्र

Which curve is a horizontal straight line?

A) Total cost curve B) Average fixed cost curve

C) Total fixed cost curve D) Total variable cost curve

xiv) शून्य निर्गत पर अल्पकालीन औसत लागत होती है – [1]

अ) शून्य ब) अधिकतम

स) अपरिभाषित द) ये सभी

Short run average cost at zero output is -

A) Zero B) Max

C) Undefined D) All these

xv) वस्तु के बाजार मूल्य तथा फर्म के निर्गत का गुणनफल है – [1]

अ) कुल संप्राप्ति ब) कुल लागत

स) औसत संप्राप्ति द) औसत लागत

The product of the market price of the good and the firm's output is -

A) Total Revenue B) Total Cost

C) Average Revenue D) Average Cost

2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [7×1=7]

Fill in the blanks :

i) उत्पादन क्षमता में वृद्धि लाने के लिए जो व्यय किया जाता है, उसे .................. व्यय कहते हैं। [1]

Expenses which raise productive capacity is called ______ expenditure.

ii) ब्याज की ऊँची दरों पर, फर्मों की प्रवृत्ति निवेश को .......... करने की होती है। [1]

At higher interest rates, firms tend to ______ investment.

iii) जब कर से प्राप्त राशि आवश्यक आय से अधिक होती है, तो इसे बजट ................ कहा जाता है।[1]

When tax collection exceeds the required expenditure, the budget is said to be in ______

iv) चालू खाता संतुलन में होता है जब, चालू खाते में .......... चालू खाते के भुगतानों के बराबर होती है। [1]

Current Account is in balance when ______ on current account are equal to the payment on the current account.

v) .............. उपयोगिता, कुल उपयोगिता में वह परिवर्तन है जो वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई के उपभोग से होता है। [1]

______ utility, is the change in total utility due to consumption of one additional unit of a commodity.

vi) आगम तथा लागत के बीच अन्तर को फर्म का ............ कहते है। [1]

The difference between the revenue and cost is called the firm's _______.

vii) यदि किसी कीमत पर बाज़ार पूर्ति बाजार माँग से अधिक है, तो उस कीमत पर बाजार में ............ कहलाती है। [1]

If at a price, market supply is greater than market demand, we say that there is an ______.

**3)** **अति लघुत्तरात्मक प्रश्न :** **[10×1=10]**

Very short answer :

i) **राष्ट्रीय आय की परिभाषा दीजिए।** **[1]**

Define National Income.

ii) **निवल निवेश कैसे ज्ञात किया जाता है?** **[1]**

How is net investment determined?

iii) **बजट घोषणा पत्र का संबंध कितने वित्तिय वर्ष के लिए होता है?** **[1]**

For how money financial years does the budget manifesto relate to?

iv) **सकल प्राथमिक घाटा की गणना कीजिए, यदि सकल राजकोषीय घाटा 2,000 करोड़ रू. व निवल ब्याज दायित्व 400 करोड़ रू. है।** **[1]**

Calculate gross primary deficit if gross fiscal deficit is Rs. 2,000 crore and net interest liability is Rs. 400 crore.

v) **अधिकारिक कोष विक्रय क्या है?** **[1]**

What is official reserve sale?

vi) **ब्याज दर विभेदक किसे कहते है?** **[1]**

What is called interest rate differential?

vii) **संसाधनों से क्या अभिप्राय है?** **[1]**

What do you mean by resources?

viii) **विभिन्न क्रियाविधियाँ किस प्रकार कार्य करती है, यह बताने वाले आर्थिक विश्लेषण का नाम लिखिए।** **[1]**

Name the economic analysis that explains how different mechanisms function?

ix) **बजट रेखा पर इष्टतम बंडल कहाँ स्थित होगा?** **[1]**

Where on the budget line will the optimum bundle be located?

x) **फर्म के पूर्ति वक्र के दो निर्धारक तत्वों के नाम लिखिए।** **[1]**

Name two determining elements of supply curve of a firm.

## खण्ड – ब
## SECTION - B

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :

Short answer questions :

4) विमुद्रीकरण के धनात्मक प्रभावों को समझाइए। [2]

Explain the positive impacts of demonetisation.

5) सेटेरिस पारिबस की मान्यता को स्पष्ट कीजिए। [2]

Explain the assumption of Ceteris paribus.

6) मालसूची निवेश के दो कारणों का उल्लेख कीजिए। [2]

Mention two reasons for inventory investment.

7) यदि निशान्त की बचत 100 रू. है तो निर्गत गुणक ज्ञात कीजिए। [2]

If Nishant's savings is Rs. 100 then find the output multiplier.

8) अवमूल्यन एवं पुर्नमूल्यन में अंतर कीजिए। [2]

Difference between Devaluation and Revaluation.

9) यदि भारत का आयात 190 मिलियन डॉलर तथा व्यापार संतुलन –50 मिलियन डॉलर है तो निर्यात की गणना कीजिए। [2]

If india's imports are 190 million dollars and trade balance is –50 million dollar's, then calculate the exports.

10) अर्थव्यवस्था की कोई दो केन्द्रीय समस्याएँ लिखिए। [2]

Write any two central problems of economy.

11) गिफिन वस्तु किसे कहते है? उदाहरण देकर समझाइए। [2]

What is Giffen goods? Explain with examples.

12) स्थानापन्न वस्तुओं को परिभाषित कीजिए। [2]

Define substitute goods.

13) पैमाने के वृद्धिमान प्रतिफल को समझाइए। [2]

Explain the increasing Returns to scale.

14) निम्नतम निर्धारित कीमत को स्पष्ट कीजिए। [2]

Explain price floor.

15) फर्म के लाभ अलाभ बिंदु से आप क्या समझते है? [2]

What do you understand by the break even point?

## खण्ड – स

## SECTION - C

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :

Long answer questions :

16) सरल अर्थव्यवस्था में आय के वर्तुल प्रवाह को समझाइए। [3]

Explain the circular flow of income in a simple Economy.

अथवा/OR

सकल घरेलू उत्पाद गणना की आय विधि को समझाइए।

Explain the income method of calculating Gross Domestic Product.

17) सरकारी बजट के घटक का रेखाचित्र बनाइए तथा गैर कर राजस्व प्राप्तियाँ को समझाइए। [2+1=3]

Draw a diagram of the components of the government budget and explain non tax revenue.

अथवा/OR

करों में कटौती से आय में होने वाले परिवर्तन को रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।

Explain the effect of a reduction in taxes on the income with the help of diagram.

**18)** **निम्न सारणी में कुल उत्पाद तथा सीमांत उत्पाद की गणना कीजिए।** **[3]**

Calculate total product and marginal product in the following table.

| श्रम<br>Labour | कुल उत्पाद<br>Total product | औसत उत्पाद<br>Average product | सीमांत उत्पाद<br>Marginal product |
|---|---|---|---|
| 1 | ---- | 12 | ---- |
| 2 | ---- | 14 | ---- |
| 3 | ---- | 15 | ---- |
| 4 | ---- | 16 | ---- |
| 5 | ---- | 15 | ---- |
| 6 | ---- | 14 | ---- |

अथवा/OR

**यदि एक फर्म की कुल स्थिर लागत 10 रू. है तो निम्न सारणी में कुल परिवर्ती लागत तथा औसत स्थिर लागत की गणना कीजिए।**

If total fixed cost of a firm is 10 Rs. Calculate total variable cost and average fixed cost in the following table.

| निर्गत (इकाइयाँ)<br>Output<br>(units) | कुल लागत<br>Total Cost<br>TC | कुल परिवर्ती लागत<br>Total Variable Cost<br>TVC | औसत स्थिर लागत<br>Average Fix Cost<br>AFC |
|---|---|---|---|
| 0 | 10 | ---- | ---- |
| 1 | 20 | ---- | ---- |
| 2 | 32 | ---- | ---- |
| 3 | 42 | ---- | ---- |
| 4 | 50 | ---- | ---- |
| 5 | 55 | ---- | ---- |
| 6 | 57 | ---- | ---- |

**19)** **5 रूपये प्रति इकाई बाजार कीमत पर एक फर्म की संप्राप्ति 50 रूपये है। बाजार कीमत बढ़कर 10 रूपये हो जाती है अब फर्म को संप्राप्ति 200 रूपये होती है। पूर्ति की कीमत लोच ज्ञात कीजिए।** **[3]**

A firm earns a revenue of Rs. 50 when the market price of a good is Rs. 5. The market price increases to Rs. 10 and the firm now earns a revenue of Rs. 200. Calculate the price elasticity of supply.

अथवा/OR

**निम्न सारणी का उपयोग कर पूर्ती की कीमत लोच ज्ञात कीजिए।**

Calculate the price elasticity of supply using following table.

| पेन की कीमत P<br>Price of pan | बेची गई मात्रा Q<br>Quantity sold |
|---|---|
| पूरानी कीमत<br>Old Price $P_1 = 10$ | पुरानी मात्रा<br>Old Quantity $Q_1 = 100$ |
| नई कीमत<br>New Price $P_2 = 15$ | नई मात्रा<br>New Quantity $Q_2 = 150$ |

## खण्ड – द

## SECTION - D

**निबन्धात्मक प्रश्न :**

Essay type questions :

**20)** **मुद्रा के कार्यों का वर्णन कीजिए।** **[4]**

Describe the functions of the money.

अथवा/OR

**निम्न की व्याख्या कीजिए :** **[2+2=4]**

i) **नकद कोष अनुपात**

ii) **वैधानिक तरलता अनुपात**

Explain the following :

i) Cash Reserve Ratio

ii) Statutory Liquidity Ratio

**21)** **उपभोक्ता की आय में परिवर्तन के कारण बजट सेट में होने वाले परिवर्तन को रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।** **[2+2=4]**

Explain with the help of a diagram the change in budget set due to changes in consumer's income.

अथवा/OR

**वस्तुओं की कीमत में परिवर्तन के कारण बजट सेट में होने वाले परिवर्तन को रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।** **[2+2=4]**

Explain with the help of a diagram the change in budget set due to changes in price of goods.

**22)** **औसत स्थिर लागत वक्र की चित्र की सहायता से व्याख्या कीजिए।** **[2+2=4]**

Explain the average fixed cost curve with the help of diagram.

अथवा/OR

**अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र की चित्र की सहायता से व्याख्या कीजिए।** **[2+2=4]**

Explain the short run marginal cost curve with the help of diagram.

☯☯☯☯

DO NOT WRITE ANYTHING HERE